www. maharashtracrimes. in
Email : editor@maharashtracrimes. in

www. maharashtracrimes. blogspot. in
maharashtracrimes@gmail. com

RNI NO. : MAHHIN/1998/02261

# महाराष्ट्र क्राईम्स




वर्ष 21 | अंक 12 | मुंबई, 05 अक्टूबर 2022 | पृष्ठ : 8 | कीमत : 5 रुपये | प्रधान संपादक : सिराज चौधरी

## अवैध गैस प्लांट

## चारकोप पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी

**म. क्रा. विशेष सवाददाता**

**मुंबई,** शहर के अंतर्गत आने वाले मलाड पश्चिम के धारोली गाव में कई महीनों से अवैध रूप से चल रहे गैस प्लांट की शिकायत उत्तर प्रादेशिक विभाग के अप्पर पुलिस आयुक्त श्री वीरेंद्र मिश्रा को मिली. इसी दौरान श्री वीरेंद्र मिश्रा ने परिमंडल ११ के पुलिस उपायुक्त विशाल ठाकुर को अवैध गैस प्लांट पर कानूनी कारवाई करने का आदेश दिया. आनन-फानन में श्री विशाल ठाकुर ने चारकोप पुलिस थाने के पुलिस निरीक्षक सुधीर चौहान को पुलिस बल के साथ तत्काल में अपने कार्यालय बुलाकर उन्हें अवैध गैस प्लांट पर छापेमारी की योजना बनाई. योजना के तहत दिनांक १५/०९/२०२२ के रोज चारकोप पुलिस ने उस अवैध गैस प्लांट पर छापेमारी की. इस छापेमारी के दौरान मौका ए वारदात पर गो गैस नामक कंपनी के लगभग १९४ घेरेलु गैस बाटला मिला और हिंदुस्तान (एच. पी. सी. एल) पेट्रोलियम कंपनी के लगभग छोटे बड़े मिला कर कुल लगभग १०० व्यावसाई गैस बटला पुलिस ने बरामद किया. इसी के साथ मौका ए वारदात पर रंगे हाथ पकड़े गये दो अभियुक्त १)मांगीलाल बिश्नोई २) श्रवण कुमार बिश्नोई नामक व्यक्ति को पुलिस ने हिरासत में लिया और ३) त्रिमूर्ति तिरुमल राठी नामक व्यक्ति को जिसे पुलिस इस अवैध गैस प्लांट का मुखिया बताती है उसे दो दिन बाद हिरासत में लेकर अवैध रूप से गैस प्लांट चलाने के आरोप में भा. द. वी. ४२०, ४३६, ३३६, ३, ७, ८, के तहत मामला दर्ज कर सक्त कानूनी कारवाई की. कई जानकार इसे चारकोप पुलिस की बड़ी कामयाबी मान रहे है. पुलिस की इस कानूनी कारवाई की हम भी सराहना करते है और



(पेज ८ पर.... )

## तलोजा पुलिस पैटर्न ने बनाया न्याय व्यवस्था का मजाक

## बोगस आरोपी बनाकर न्यायालय को किया गुमराह

**दत्ता माने**

**नवी मुंबई,** लोकतंत्र मे कानून एवं न्यायपालिका को एक स्तंभ माना गया है. इसी स्तंभ का एक अविभाज्य अंग है पुलिस, इसी पुलिस विभाग पर आम जनता विश्वास रख कर निर्भय जीवन व्यतीत करती है. असामाजिक तत्व पर कानूनी कारवाई कर सामाजिक शांती कायम रखने का काम पुलिस प्रशासन के कंधो पर है, लेकिन राज्य एवं देश मे तेजी से बढ रहे आपराधिक मामलों तथा गैर कानूनी धंधो पर नजर जाती है तो यह बात सामने आयी है कि

आम जनता का पुलिस से विश्वास तेजी से कम हो रहा है. जैसे डॉलर की तुलना रुपये की गिरावट और यह हमारा दुर्भाग्य है कि, किसी व्यक्ति को यदि गैर कानूनी धंदा सुरू करना है तो कानून के रखवालदार को आसानी से मॅनेज किया जा सकता है. विशेष रूप से नवी मुंबई पुलिस आयुक्त की हद मे. एक पत्रकार होने के नाते हमने कई बार नवी मुंबई पुलिस का पदार्फाश किया है. दिनांक ५ अगस्त २०२२ के अंक मे भी हमने नवी मुंबई मे चल रहे ह्यबिंगो लॉटरी ह्यचालक और नवी मुंबई पुलिस के संबंध में खबर प्रकाशित की थी. नवी मुंबई पुलिस आयुक्त कार्यक्षेत्र में लगभग सभी पुलिस थाणे की हद में गैर कानूनी धंदे चल रहे है. गैरकानूनी धंदे करने वालों की बात तो समझ में आती है, लेकिन 'सदरक्षणाय खलनिग्रहणाय' का ब्रीदवाक्य वाली



श्री सदाशिव श्रीपत पगडे
(सूचना अधिकार कार्यकर्ता)

(पेज ८ पर.... )

## सिडको और पनवेल नगर निगम द्वारा तटीय विनियनन क्षेत्र (CRZ) कानून का उल्लंघन

### (कलंबोली के कासाडी नदी के तटवर्तीय स्थान पर बहु मंजिली इमारतों का आवाज निर्माण)

**दत्ता माने**

**नवी मुंबई,** पर्यावरण और वन मंत्रालय ने तटीय क्षेत्र में गतिविधियों को विनियनन करने के लिए भारत के पर्यावरण संरक्षण अधिनियम १९८६की धारा ३ के तहत फरवरी १९९१ में पहली तटीय विनियनन क्षेत्र अधिसूचना जारी की तटीय विन्नियन क्षेत्र क्या है ? विनियनन क्षेत्र अधिनियम (सी. आर. झेड. ) में खाडी, महासागर, नदियां और बॅक वॉटर शामिल है जो ज्वार की लहरो और बलो से प्रभावित है और उच्च ज्वार रेखा से ५०० मीटर तक है.






कासाडी नदी और नदी के बाजू में इमारत

(पेज ८ पर.... )




## तलोजा में जागृती कन्स्ट्रक्शन अतिक्रमण में व्यस्त

## सिडको के अधिकारी भ्रष्टाचार की मलाई मे मस्त

**दत्ता माने**

**नवी मुंबई,** कहते है शरीफ इन्सान बिल्डर नही बनता है और बिल्डर कभी शरीफ नही होता है. (पेज ८ पर.... )




प्रवीण दळवी





सुधीर नरहर रामहरी नवले



## संपादकीय

# कीव पर हमला

रा यूक्रेन और रूस के बीच युद्ध का तेज होना पूरी दुनिया के लिए चिंताजनक और दुखद है। सूचना है कि रूस ने करीब 75 मिसाइल दागकर यूक्रेन को पछाड़ने की कोशिश की है। रूस ने सीधे राजधानी कीव को ही निशाना बनाया है। गत दिनों क्रीमिया को रूस से जोड़ने वाले पुल पर हुए विस्फोट के लिए रूस ने कीव को जिम्मेदार माना है और जिसका बदला उसने दनादन मिसाइल दागकर लिया है। कीव से आ रही तस्वीरें लोमहर्षक हैं। जगह-जगह ध्वस्त इमारतों और आगजनी से पूरा कीव शहर अस्त-व्यस्त हो गया है। कीव के अलावा भी यूक्रेन के अन्य शहरों पर मिसाइल बरसे हैं। लोगों से कह दिया गया है कि वे घर से बाहर न निकलें। आने वाले दिनों में रूसी हमला और खतरनाक होने की आशंका है। रूसी हमलों ने अगर यूक्रेन के बुनियादी ऊर्जा ढांचे को निशाना बनाया है, तो मकसद आसानी से समझा जा सकता है। यह भी ध्यान रखने की जरूरत है कि कीव पर रूस ने इससे पहले 26 जून को हमला किया था। क्रीमिया और रूस को जोड़ने वाले पुल पर अगर विस्फोट न हुआ होता, तो शायद रूसी मिसाइलें कीव तक न पहुंचतीं। इस हमले के बाद बहस भी तेज हो जाएगी कि आखिर यूक्रेन की ओर से युद्धक हमले क्यों किए जा रहे हैं? अगर मंशा युद्ध रोकने की है, तो यूक्रेन को ज्यादा संयम बरतना चाहिए, तभी दुनिया रूस को युद्ध रोकने की नसीहत दे पाएगी। रूस को युद्ध रोकने की नसीहत अनेक देश दे चुके हैं और भारतीय प्रधानमंत्री ने भी रूसी राष्ट्रपति को युद्ध रोकने की सलाह देते हुए कहा था कि यह समय युद्ध का नहीं है। गौर करने की बात है कि यूक्रेन की सेना या राष्ट्रपति ने रूसी पुल पर हुए विस्फोट की जिम्मेदारी नहीं ली है, इससे यह संकेत गया है कि यूक्रेन और रूस के बीच कोई तीसरा पक्ष भी है, जो युद्ध भड़काना चाहता है। ऐसे विश्व-विरोधी तत्वों से सावधान रहना चाहिए। रूस ने तो पुल पर हुए विस्फोट को आतंकवादी कृत्य करार दिया है और हमें अच्छी तरह पता है कि रूस आतंकवाद के प्रति शून्य सहिष्णुता रखता है। पुल पर हुए विस्फोट का अगर यूक्रेन में जश्न मनाया गया था, तो यह गंभीर व मॉस्को को चिढ़ाने वाली बात है। हमें यह भी ध्यान रखना चाहिए कि युद्ध के खिलाफ रूस के लोगों ने प्रदर्शन किए हैं और वहां बड़ी संख्या में लोग जेलों में बंद हैं। क्या यूक्रेन में भी लोगों ने युद्ध के खिलाफ प्रदर्शन किए हैं? परस्पर मिलकर चलने की नसीहत जितनी रूस के लिए जायज है, उतनी ही यूक्रेन के लिए भी।

पश्चिमी शक्तियों के बहकावे में आकर ही यूक्रेन आज लहूलुहान है, यह बात खुद यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की बोल चुके हैं। जेलेंस्की अगर रूस में घुसकर हमला करने के पक्ष में नहीं हैं, तो उन्हें यह साफ करना चाहिए। यूक्रेन के लोगों की सुरक्षा की चिंता करना जेलेंस्की का पहला काम है। पश्चिम के देश या अमेरिका में बैठे रणनीतिकार केवल अपना हित देखते हुए सलाह दे सकते हैं। युद्ध समाप्त करने की अपील के बजाय अगर पश्चिमी देश लगातार रूस को आलोचना का निशाना बनाने के उपक्रम में जुटे रहेंगे, तो आशंका है, युद्ध किसी भी समय विकराल रूप ले लेगा। यूक्रेन को अपना बचाव करने के लिए हथियार व धन देना और रूस पर हमले के लिए हथियार व धन देने में बहुत अंतर है। रूस किस हद तक जा सकता है, इसका एहसास पहले यूक्रेन को होना चाहिए, क्योंकि प्रत्यक्ष रूप से हमले तो केवल वही झेल रहा है।

# जनसंख्या : बड़ी समस्या

**शायद** चीन से आबादी के मामले में आगे जाने का कार्य हमारी पीढ़ी करेगी। दुनिया की सबसे ज्यादा आबादी वाला देश भारत बनेगा। यह परिस्थिति आगे आने वाले चार सालों में होने वाली है। इस पर यदि हम ध्यान नहीं देंगे, तो विकास की हम चाहे जो भी प्रक्रिया अपनाएं, चाहे हम कितनी ही धनराशि खर्च करें, चाहे हम कितनी ही बंजर जमीन ठीक करें, चाहे हम कितना ही पानी लाएं, हमारा वह सब प्रयास इस बढ़ती हुई आबादी के सामने असफल हो जाएगा। इसलिए यह जनवृद्धि एक ऐसा विषय है, जिस पर पूरे देश को एक ऐसा माहौल तैयार करना होगा और उसमें सभी धर्मों, वर्गों, प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, लोक-प्रतिनिधि आदि को साथ लेकर चलना होगा और एक तरह से इसके खिलाफ जंग लड़नी होगी। तभी इस देश को भयावह परिस्थिति से बचाया जा सकता है। हम दुनिया के सामने नए सवाल पैदा कर रहे हैं। इस बारे में हमें ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है।... जनसंख्या पर रोक लगाने के लिए कुछ कदम उठाए गए हैं।

भारतवर्ष में प्रतिवर्ष एक करोड़ 70 लाख आबादी बढ़ती है। कई राज्य ऐसे हैं, जिन्होंने इस क्षेत्र में अच्छा काम किया है। ऐसे राज्यों में मैं केरल और तमिलनाडु का नाम लेना चाहूंगा, जहां इस क्षेत्र में अच्छा काम हुआ है। इनका नाम लेने में जहां हमें खुशी महसूस होती है, वहीं उत्तर प्रदेश, बिहार, राजस्थान और मध्य प्रदेश, चार राज्य ऐसे हैं, जहां प्रति साल जनसंख्या वृद्धि ज्यादा है।

भारत के समाज की जो जन्म दर थी, वह अफ्रीकी और लैटिन अमेरिकी देशों से आगे नहीं थी, फिर भी हमारी जनसंख्या वृद्धि दर ज्यादा है। 1971 में भारत में प्रजनन दर 40 से 45 प्रति हजार थी और उसके बाद प्रजनन और जन्म दर कम हो गई। जन्म दर प्रति हजार 29 हो गई और प्रजनन दर 35 प्रति हजार हो गई। पिछले 25 सालों में यह दर 40 प्रति हजार से कम रही, फिर भी दुनिया के कई देशों से हमारी आबादी ज्यादा बढ़ रही है।... भारतवर्ष में प्रतिवर्ष एक करोड़ 70 लाख आबादी बढ़ती है। कई राज्य ऐसे हैं, जिन्होंने इस क्षेत्र में अच्छा काम किया है। ऐसे राज्यों में मैं केरल और तमिलनाडु का नाम लेना चाहूंगा, जहां इस क्षेत्र में अच्छा काम हुआ है। इनका नाम लेने में जहां हमें खुशी महसूस होती है, वहीं उत्तर प्रदेश, बिहार, राजस्थान और मध्य प्रदेश, चार राज्य ऐसे हैं, जहां प्रति साल जनसंख्या वृद्धि ज्यादा है। हमें इस पर ध्यान देना होगा कि यह परिस्थिति क्यों पैदा होती है, इसका असर क्या होता है? आज भारतवर्ष में गरीबी है, बेरोजगारी है, भुखमरी है, भूजल स्थर पर असर हो रहा है, वन कम हो रहे हैं... । जब वन्य पशु-प्राणियों की बात आती है, उन पर बुरा असर हुआ है। इस सबका कारण बढ़ती हुई आबादी है। मुझे लगता है कि राष्ट्र के सामने सबसे बड़ी समस्या बढ़ती हुई जनसंख्या है। इसको हम नजरअंदाज नहीं कर सकते। इस पर सख्त ध्यान देने की जरूरत है कि वृद्धि दर कैसे कम होगी। इस बारे में एक माहौल पूरे देश में तैयार करने की जरूरत है कि परिवार का क्या आकार रखना चाहिए।

# अर्थशास्त्र के नोबेल


जब आर्थिक मंदी का खतरा दुनिया के सिर पर मंडरा रहा है और अमेरिका से लेकर यूरोप व दक्षिण एशिया तक सरकारें इससे बचने के लिए रोज-रोज हाथ-पैर मार रही हैं, तब बैंकिंग क्षेत्र के तीन गहन अध्येताओं और अमेरिकी अर्थशास्त्रियों बेन बर्नेन्की, डगलस डायमंड और फिलिप डिबविग को इस साल के अर्थशास्त्र के नोबेल से नवाजे जाने का महत्व समझा जा सकता है। आर्थिक मंदी के पीछे बैंकों व वित्तीय संस्थाओं की कितनी बड़ी भूमिका होती है, यह अब कोई छिपी हुई बात नहीं है।

जब आर्थिक मंदी का खतरा दुनिया के सिर पर मंडरा रहा है और अमेरिका से लेकर यूरोप व दक्षिण एशिया तक सरकारें इससे बचने के लिए रोज-रोज हाथ-पैर मार रही हैं, तब बैंकिंग क्षेत्र के तीन गहन अध्येताओं और अमेरिकी अर्थशास्त्रियों बेन बर्नेन्की, डगलस डायमंड और फिलिप डिबविग को इस साल के अर्थशास्त्र के नोबेल से नवाजे जाने का महत्व समझा जा सकता है। आर्थिक मंदी के पीछे बैंकों व वित्तीय संस्थाओं की कितनी बड़ी भूमिका होती है, यह अब कोई छिपी हुई बात नहीं है। हम भूले नहीं हैं कि साल 2008 में अमेरिका की सबसे बड़ी वित्तीय संस्थाओं में से एक लेहमन ब्रदर्स के दिवालिया होने के बाद कैसे एक के बाद दूसरे बैंक व वित्तीय संगठन धराशायी हो गए थे और विश्व भर की अर्थव्यवस्थाओं को भारी संकट का सामना करना पड़ा था। ऐसे में, इन तीनों अर्थशत्रियों का काम काफी महत्वपूर्ण है, जो बताता है कि संकट के दौरान बैंकों की भूमिका कितनी बड़ी होती है और उन्हें धराशायी होने से बचाने के लिए किस-किस तरह के कदम उठाए जाने चाहिए।

यह महज संयोग नहीं था कि 2008 की आर्थिक मंदी से भारत बहुत हद तक बच गया। दरअसल, तब देश की बागडोर एक अर्थशास्त्री प्रधानमंत्री के हाथों में थी, जो भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर भी रह चुके थे और ऐसे किसी भी हालात से निपटने में बैंकिंग क्षेत्र के रोल से वाकिफ थे। मनमोहन सिंह सरकार ने तब फौरन 30, 700 करोड़ रुपये के प्रोत्साहन पैकेज की घोषणा की थी, और दूसरे तमाम बजटीय प्रावधान किए थे। अर्थशास्त्री बेन बर्नेन्की का भी कहना है कि पिछली सदी के तीसरे दशक में जो वैश्विक महामंदी आई थी, उसका एक बड़ा कारण प्रोत्साहन नीति का न होना तो था ही, बैंकों का धराशायी होते जाना भी था। बैंकों के पास ऐसी नीतियों का घोर अभाव था कि वे दिए गए कर्जों का उत्पादक इस्तेमाल सुनिश्चित कर पाते। इस नीतिगत कमी ने न सिर्फ अर्थव्यवस्थाओं को गंभीर नुकसान पहुंचाया, बल्कि मंदी की अवधि को भी विस्तार दे दिया। बर्नेन्की जहां बैंकों की विफलता के बाद की स्थिति के बारे में बताते हैं, तो वहीं डायमंड-डिबविग बताते हैं कि बैंक धराशायी क्यों हुए थे? बकौल डायमंड-डिबविग, बैंक जमाकर्ताओं के भरोसे को बहाल रखने में नाकाम हो गए थे, इसलिए उनकी हालत खराब होने की अफवाह क्या उड़ी, खाताधारक अपना जमा धन निकालने के लिए एक साथ बैंकों की ओर दौड़ पड़े। चूंकि बैंकों ने लंबी अवधि के लिए कर्ज दे रखा था, अतः फौरन वसूली में वे सक्षम न थे। इसी नीतिगत कुप्रबंधन ने उनकी लुटिया डुबोई।



# दर्दनाक हादसा: सिटी बस की खिड़की से झाँकने वाले स्कूली छात्र की मौत!



**औरंगाबाद :** स्कूल के बाद जल्दी घर जाने के लिए स्मार्ट सिटी बस में सीट मिली। सीट पर बैठते ही बस की खिड़की से बाहर झाँक रहे नौवीं कक्षा का छात्र जिला परिषद मैदान के लोहे के गेट को जा टकराया। इस हादसे में सिर में चोट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। घटना औरंगपुरा में हुई। मृतक छात्र की पहचान हरिओम राधाकृष्ण पंडित 14 (आर मोहतादेवी बजाज नगर) के रूप में हुई है। वह नौवीं कक्षा (बैच सी) का छात्र था। मिली जानकारी के अनुसार हरिओम बजाज नगर से एक नियमित सिटी बस से शहर के औरंगपुरा में स्थित सरस्वती भुवन प्राथमिक स्कूल में शिक्षा हासिल करणे प्रतिदिन आता था। सोमवार की सुबह साढ़े पांच बजे वह घर से निकला था। क्योंकि पहले सेमेस्टर की परीक्षा थी। स्कूल दोपहर 12 बजे समाप्त होता है। जैसे ही वह बाहर आया तो उसे एक साजापुर-औरंगपुरा बस (नंबर एमएच 20, ईजी 9862) दिखाई दी। उसे लगा कि यह बस बजाज नगर जाएगी। हरिओम और 7 से 8 अन्य छात्र जबरन सीट हथियाने के लिए बस में घुस गए। हालांकि, चालक वाहक की ड्यूटी खत्म हो गई थी। तो चालक कपिल लोखंडे बस को जिला परिषद मैदान से मोड़कर स्टैंड पर खड़ा करने जा रहा था। जिला परिषद मैदान के रास्ते में, हरिओम ने अपना सिर खिड़की से बाहर निकाला। बस जिल्हा परिषद के मैदान के लोहे के गेट से गुजरते ही उसका सिर लोहे के गेट से जा टकराया। भारी रक्तस्राव के कारण उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। राधाकृष्ण पंडित का एक बेटा और एक बेटी है और पंडित की रेत औद्योगिक एस्टेट में एक छोटी सी वर्कशॉप है। इस घटना से सरस्वती भुवन विद्यालय में मातम छा गया है। घटना की सूचना मिलते ही स्कूल के सभी शिक्षक घाटी हॉस्पिटल में पहुंच गए। पुलिस भी तुरंत मौके पर पहुंची। स्मार्ट सिटी बसें यह मोड़ लेने के लिए औरंगपुरा क्षेत्र के जिला परिषद मैदान में जाती हैं। चर्चा है कि इतनी कम जगह में भी तेज मोड़ लेने के कारण इस तरह की घटना हुई है।

होमगार्ड झ रिक्शा चालक महिला मदद के लिए दौड़ी जब हरिओम का एक्सीडेंट हुआ उस वक्त होमगार्ड के साथ एक महिला रिक्शा चालक वहां मौजूद था। उसने तुरंत हरिओम को उठाया और घाटी हॉस्पिटल में ले गया। बस चालक कपिल लोखंडे भी मदद के लिए आए। हालांकि डॉक्टरों ने हरिओम को मृत घोषित कर दिया। उधर, इस हादसे पर महानगरपालिका कमिश्नर डॉ. अभिजीत चौधरी ने गहरा दुःख जताते हुए कहा कि घटना दुःखदायी है। सरकारी निकष के अनुसार जितनी मदत हो सकती और जलद मदत छात्र के परिवार वालो को दी जायेगी।

## बॉलीवुड की जानी मानी अभिनेत्री रेखा अपना 68वां जन्म दिन सेलिब्रेट कर रही हैं



बॉलीवुड की जानी मानी अभिनेत्री रेखा आज अपना 68वां जन्म दिन सेलिब्रेट कर रही हैं। इनकी खूबसूरती का हर कोई दीवाना है। रेखा का जन्म 10 अक्टूबर, 1954 को मद्रास में हुआ था। उनके पिता जेमिनी गणेशन तमिल फिल्मों के जाने-माने अभिनेता और मां पुष्पावल्ली अभिनेत्री थीं। बॉलीवुड में अपनी खूबसूरती, दिलकश अदाओं और अभिनय के लिए मशहूर रेखा का पूरा नाम भानुरेखा गणेशन है। रेखा ने ऐसे की करियर की शुरूआत- साल 1970 में रेखा ने हिंदी फिल्म 'सावन भादो' से बॉलीवुड में डेब्यू किया। इसके बाद रेखा कई फिल्मों में अभिनय करती नजर आईं और उन्होंने अपने शानदार अभिनय से यह साबित किया कि वह फिल्म में हर तरह के किरदार को बेहतरीन तरीके से निभाने में सक्षम हैं।

समय के साथ रेखा अपनी खूबसूरती, अदाओं, मेहनत, संघर्ष, लगन और अभिनय से दर्शकों के दिलों पे इस कदर छाईं कि हर कोई उनका मुरीद हो गया। रेखा ने अपने पूरे करियर में 180 से भी ज्यादा फिल्मों में काम किया रेखा को साल 2010 में भारत सरकार की ओर से पद्मश्री से अलंकृत किया गया। इसके अलावा रेखा को एक राष्ट्रीय पुरस्कार और तीन फिल्म फेयर पुरस्कार मिल चुके हैं। वो काफी समय तक राजनीति में भी सक्रिय रही हैं। रेखा के निजी जिंदगी की बात करें तो साल 1990 में उन्होंने उद्योगपति मुकेश अग्रवाल से शादी की, लेकिन अवसाद ग्रस्त मुकेश ने 6 महीने बाद ही सुसाइड कर लिया। इसके बाद रेखा अकेले ही जीवन का सफर तय कर रही हैं।

## खुले में कचरा फेंकना पड़ेगा महंगा, इतने हजार का होगा दंड... !




**ठाणे :** शहर को स्वच्छ रखने, धूल और प्रदूषण पर लगाम लगाने की दिशा में महानगरपालिका कमिश्नर अभिजीत बांगर ने अहम कदम उठाया गया है। इसके तहत खुले में कचरा, जैविक कचरा जलाने, निर्माण सामग्री (मलबा) फेंकने वालों के खिलाफ आर्थिक दंड की कार्रवाई की जाएगी। दंड की राशि 5 से 25 हजार होगी। प्रदूषण करने वालों के खिलाफ कार्रवाई का अधिकार विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों को दिया गया है। इसके लिए नियमावली बनाई गई है। खुले में छोटी मात्रा में कचरा जलाने वाले के खिलाफ 5 हजार का दंड लगेगा। यह कार्रवाई महानगरपालिका का प्रदूषण नियंत्रण विभाग करेगा। बड़े पैमाने पर खुले में, सार्वजनिक स्थल या सड़क के किनारे कचरा फेंकने, उसे जलाने, निर्माण सामग्री या मलबा फेंकने के खिलाफ घनकचरा विभाग करेगा और उसका दंड 25 हजार होगा। शहर में प्रतिदिन निकलने वाले कचरे को नष्ट करना एक बड़ी समस्या है। पिछले कई सालों से समस्या बरकरार है। महानगरपालिका के पास खुद का डंपिंग ग्राउंड नहीं है। वैज्ञानिक पद्धति से कचरे को नष्ट करने की दिशा में महानगरपालिका प्रशासन की तरफ से उपाय योजना की जा रही है। डायघर परिसर में कचरे से बिजली बनाने की परियोजना प्रस्तावित है। उसके लिए विदेश से मशीन मशीन मंगाई गई है। आशा है की वर्ष 2022 के अंत परियोजना शुरू होगी। शहर में प्रतिदिन करीब 1 हजार मीट्रिक टन कचरा निकलता है। इसमें 515 मीट्रिक टन गीला, 441 मीट्रिक टन सूखा और 125 मीट्रिक टन सीएनडी कचरा (मलबा) शामिल है। 'ठाणे शहर धूल और प्रदूषण से मुक्त हो इसलिए सभी इस नियमावली का पालन करे और दंडात्मक कार्रवाई से बचे। दंडात्मक कारवाई को लेकर कड़क कदम उठाने का निर्देश अधिकारियों को दिया गया है।'

## भाजपा के दिग्गज नेता ने लाइसेंसी रिवॉल्वर से गोली मारकर की आत्महत्या, स्वास्थ्य समस्याओं से थे पीड़ित



महाराष्ट्र भाजपा की बीड जिला इकाई के प्रमुख ने मंगलवार को अपने घर में लाइसेंसी रिवॉल्वर से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि भाजपा की बीड जिला इकाई के प्रमुख भगीरथ बियाणी ने मीरा नगर इलाके में अपने घर पर कथित तौर पर लाइसेंसी रिवॉल्वर से खुद के सिर में गोली मार ली। उन्होंने कहा कि बियाणी के परिवार के सदस्यों ने गोली की आवाज सुनी और मौके पर पहुंचे। आनन-फानन में उन्हें अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि 50 वर्षीय भाजपा नेता कुछ स्वास्थ्य समस्याओं से पीड़ित थे, उन्होंने कहा कि आगे की जांच की जा रही है। नेताओं का कहना है कि बियाणी भाजपा के दिग्गज नेता माने जाते थे।

## साजिद खान को बिग बॉस का मंच मिलने से स्वाति मालीवाल काफी नाराज

फिल्म निमार्ता साजिद खान की बिग बॉस 16 में एंट्री को लेकर पहले दिन से ही विवाद छिड़ गया है। शो में साजिद को देखने के बाद आम जनता से लेकर बड़े-बड़े सेलिब्रिटी तक उनके साथ-साथ मेकर्स के खिलाफ भी जमकर आग बबूला हो गए हैं। अब इस लिस्ट में दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल का नाम भी जुड़ गया है। साजिद खान को बिग बॉस का मंच मिलने से स्वाति मालीवाल काफी नाराज हैं। इतना ही नहीं उन्होंने इसे लेकर केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर को पत्र भी लिखा है. उन्होंने अपने पत्र में फिल्म निमार्ता को बिग बॉस के घर से निकालने की मांग की है।



# ठाणे मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण (MACT) ने दो भाइयों द्वारा दायर 'झूठे और तुच्छ' दुर्घटना दावों को खारिज कर दिया

ठाणे मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण (एमएसीटी) ने दो भाइयों द्वारा दायर ''झूठे और तुच्छ'' दुर्घटना दावों को खारिज कर दिया है और एक टेम्पो चालक और दो पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई का आदेश दिया है जिन्होंने दावा दायर करने में याचिकाकर्ताओं की सहायता की थी। एमएसीटी सदस्य एच एम भोसले ने शनिवार को उपलब्ध कराए गए 6 अक्टूबर के आदेश में दोनों भाइयों अविनाश अर्जुन चिखले और देवेश अर्जुन चिखले पर 3, 000 रुपये का जुर्माना भी लगाया।

भाइयों ने अपनी याचिका में ट्रिब्यूनल को सूचित किया कि 1 सितंबर, 2017 को वे महाराष्ट्र के पालघर जिले के विरार कस्बे में साखलेवाड़ी से मोटरसाइकिल पर घर लौट रहे थे। निकटवर्ती रायगढ़ जिले के पनवेल कस्बे के आप्टागांव के पास एक मोड़ पर विपरीत दिशा से आ रहा एक टेंपो उनके वाहन से टकरा गया। नतीजतन, वे गिर गए और उन्हें चोटें आईं, जिनका इलाज किया गया। उन्होंने घायलों के इलाज और मुआवजे की मांग की। दोनों ने न्यायाधिकरण को बताया कि वे कार्यरत थे। अविनाश, उस समय 19 वर्ष के थे, प्रति माह 8, 000 रुपये कमाते थे, जबकि 23 वर्ष के देवेश ने प्रति माह 12, 000 रुपये कमाए। मामले में प्रतिवादी आपत्तिजनक टेम्पो के मालिक थे, जिसके बारे में याचिकाकर्ताओं ने दावा किया था कि उन्होंने उन्हें मारा था, और वाहन के



बीमाकर्ता थे।

टेंपो मालिक ट्रिब्यूनल के सामने पेश नहीं हुआ, इसलिए उसके खिलाफ मामला एकतरफा तय किया गया। बीमा कंपनी ने ट्रिब्यूनल को बताया कि लाभ पाने के दावे में टेंपो को 'लगाया' गया था। यह तर्क दिया जाता है कि पुलिस द्वारा दर्ज अविनाश के बयान के अनुसार, किसी अज्ञात वाहन ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। यह 'हिट एंड रन' का स्पष्ट मामला है। बीमाकर्ता ने प्रस्तुत किया कि न्यायाधिकरण के समक्ष याचिका विचारणीय नहीं है। इसने यह भी तर्क दिया कि दुर्घटना के 112 दिन बाद प्राथमिकी दर्ज की गई थी। पुलिस ने स्वतंत्र गवाहों के बयान दर्ज नहीं किए हैं।

याचिकाकर्ताओं द्वारा भरोसा किए गए मेडिकल सर्टिफिकेट कहीं भी यह नहीं दर्शाते हैं कि उन्हें सड़क यातायात दुर्घटना के इतिहास के साथ भर्ती कराया गया था। बीमा कंपनी ने दावा किया कि दुर्घटना और अस्पताल में भर्ती होने के समय में असमानता यह दर्शाती है कि आपत्तिजनक वाहन ''लगाया'' गया है। ट्रिब्यूनल ने अपने आदेश में कहा, ''उपरोक्त कारणों के संबंध में, यह बताने की जरूरत नहीं है कि याचिकाकर्ताओं को आपत्तिजनक टेंपो द्वारा दिए गए डैश के परिणामस्वरूप चोट नहीं लगी है। देवेश के नियंत्रण खो देने के कारण वे मोटरसाइकिल से नीचे गिर गए। इसलिए याचिकाकर्ता मुआवजे के हकदार नहीं हैं और दावा याचिकाएं खारिज किए जाने के योग्य हैं।''

एमएसीटी ने याचिकाकर्ताओं पर लागत लगाई ताकि ऐसा कोई झूठा दावा ट्रिब्यूनल के सामने पेश न किया जाए। आदेश में कहा गया है, ''यह एक सामाजिक कानून है। यह देखना सभी का कर्तव्य है कि न्यायाधिकरण के समक्ष केवल प्रामाणिक और वास्तविक दावे ही आने चाहिए।'' ट्रिब्यूनल ने कहा कि इस फैसले की एक प्रति पुलिस अधीक्षक, रायगढ़ जिले को भेजी जाएगी, जिसमें टेंपो मालिक के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई करने और एक पुलिस उप-निरीक्षक और एक हवलदार के खिलाफ विभागीय कार्रवाई शुरू करने का अनुरोध किया जाएगा।

## गोरेगांव के पात्रा चॉल भूमि घोटाला मामले में पीएमएलए विशेष अदालत ने शिवसेना नेता संजय राउत की हिरासत 17 अक्टूबर तक बढ़ा दी



**मुंबई :** गोरेगांव के पात्रा चॉल भूमि घोटाला मामले में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की एक विशेष अदालत ने शिवसेना नेता की हिरासत 17 अक्टूबर तक बढ़ा दी। राउत को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 1 अगस्त को पात्रा चॉल के पुनर्विकास परियोजना में कथित वित्तीय अनियमितताओं के सिलसिले में गिरफ्तार किया था।

शुरूआत में ईडी की हिरासत में रहने के बाद उन्हें 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेजा गया, जिसे दो बार बढ़ाया गया. ईडी के अधिकारियों ने 31 जुलाई को राउत के मुंबई स्थित आवास पर छापा मारा और कई घंटों तक पूछताछ के बाद 1 अगस्त को उन्हें गिरफ्तार कर लिया.

## ईडी ने अनिल देशमुख को जमानत देने वाले बॉम्बे हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया



**मुंबई :** प्रवर्तन निदेशालय ने अब महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री अनिल देशमुख को जमानत देने वाले बॉम्बे हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार देशमुख को 5 अक्टूबर को हाई कोर्ट ने जमानत दे दी थी। कोर्ट ने कहा था कि उनकी जमानत 13 अक्टूबर से प्रभावी होगी, इसलिए ईडी सुप्रीम कोर्ट में अपील कर सकता है। ईडी ने 10 अक्टूबर को शीर्ष अदालत के खुलते ही उनकी जमानत का विरोध किया; यह दशहरा के लिए आज तक बंद था। ईडी ने देशमुख और उनके सहयोगियों के खिलाफ जांच शुरू की थी, जब केंद्रीय जांच ब्यूरो ने 21 अप्रैल को राकांपा नेता के खिलाफ भ्रष्टाचार और आधिकारिक पद के दुरुपयोग के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की थी। उन्हें ईडी ने पिछले साल नवंबर में गिरफ्तार किया था। सीबीआई ने उन्हें इसी साल अप्रैल में हिरासत में लिया था।

## ईद मिलादुन्नबी जुलूस के दौरान मुंब्रा पुलिस के हर्षद काले का लोगो ने किया सत्कार




**मुंब्रा :** मुंब्रा कौसा में ईद मिलादुन्नबी के मौके पर हर जगह मुंब्रा पुलिस द्वारा बंदोबस्त किया गया था इस बंदोबस्त में एक खास बात हमें यह देखने को मिली कि मुंब्रा शहर में फैलता फूलता नशा और उस पर अंकुश लगाने में अपना बड़ा योगदान देने वालो एनडीपीएस इंचार्ज हर्षद बबन काले जो मुंब्रा शहर में वापस ड्यूटी पर तैनात किए गए है बहुत सारे लोगों ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए अपने प्यार के साथ उनका सत्कार किया और बधाई दी.

## नवंबर में महाराष्ट्र पहुंचेगी 'भारत जोड़ो यात्रा', एनसीपी प्रमुख शरद पवार कर सकते हैं स्वागत




**नई दिल्ली:** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रमुख शरद पवार कांग्रेस की 'भारत जोड़ो यात्रा' के महाराष्ट्र में प्रवेश करने पर इसका स्वागत कर सकते हैं. कांग्रेस से जुड़े विश्वस्त सूत्रों ने यह जानकारी दी है. यह यात्रा 9 नवंबर को महाराष्ट्र में प्रवेश करेगी. सूत्रों ने बताया, ''शरद पवार और उनकी सांसद पुत्री सुप्रिया सुले ने इच्छा जताई है कि वे इस यात्रा का महाराष्ट्र में स्वागत करना चाहते हैं. ऐसे में संभव है कि वे इस यात्रा का स्वागत करें. '' राहुल गांधी और पार्टी कार्यकर्ताओं ने गत 7 सितंबर को तमिलनाडु के कन्याकुमारी से 'भारत जोड़ो यात्रा' की शुरूआत की थी. इन दिनों यात्रा कर्नाटक में है. यात्रा का समापन अगले साल की शुरूआत में कश्मीर में होगा. इस यात्रा में कुल 3570 किलोमीटर की दूरी तय की जाएगी. पार्टी ने राहुल समेत उन 119 नेताओं को ''भारत यात्री'' नाम दिया है, जो पदयात्रा करते हुए कश्मीर तक जाएंगे. कांग्रेस का मानना है कि यह यात्रा उसके लिए संजीवनी का काम करेगी. यात्रा के आरंभ होने से पहले कांग्रेस ने सभी समान विचारधारा वाले राजनीतिक दलों और संगठनों का आह्वान किया था कि वे इस यात्रा का हिस्सा बनें.

## मुंबई फायर ब्रिगेड रेल व्यू हाउसिंग सोसाइटी को नोटिस जारी करेगी, खराब डिफेक्ट फायर सिस्टम

**मुंबई :** मुंबई फायर ब्रिगेड लोकमान्य तिलक टर्मिनस के पास रेल व्यू हाउसिंग सोसाइटी को नोटिस जारी करेगी, जहां 8 अक्टूबर की दोपहर में आग लगने की सूचना मिली थी, रिपोर्ट में कहा गया है। चेंबूर इलाके में अपार्टमेंट की इमारत में आग लग गई थी, जिसमें छह लोग घायल हो गए थे, जो शहर के एक अस्पताल में भर्ती हैं। इंडियन एक्सप्रेस की एक रिपोर्ट में शहर के फायर ब्रिगेड के मुख्य अग्निशमन अधिकारी हेमंत परब के हवाले से कहा गया है कि घटना के समय इमारत की अग्निशमन प्रणाली चालू नहीं थी और अधिकारियों ने वहां पहुंचने पर इस पर ध्यान दिया। परब ने आगे बताया कि भवन को महाराष्ट्र अग्नि निवारण और जीवन



सुरक्षा उपाय अधिनियम, 2006 की धारा 6 के तहत नोटिस जारी किया जाएगा। चेंबूर पूर्व में ग्राउंड प्लस 12 मंजिला आवासीय इमारत में दोपहर करीब 2. 45 बजे आग लग गई। एमएफबी के अधिकारियों ने 15 मिनट के भीतर आग पर काबू पा लिया था। आग लगने का कारण सिगरेट की कली को फेंके गए सामान में फेंकना बताया जा रहा है। इमारत में धुआं फैल गया था।






**मेष :** आपकी लोकप्रियता में वृद्धि संभव है. इस अवधि के दौरान व्यावसायिक संदर्भ में कुछ छोटी दूरी की यात्राएं हो सकती हैं. आपके द्वारा अपनी पूरी कार्यक्षमता का प्रयोग आपको हर हाल में सफल बनाएगा. शिक्षा के क्षेत्र में रहने वाले जातक सफलता पाएंगे. प्रेम संबंधों के लिए समय शुभ नहीं है. आपको अपने जीवनसाथी का ख्याल रखने की जरुरत है. भाई-बहनों के साथ कुछ मतभेद हो सकते हैं. आप में से कुछ को हृदय की समस्या परेशान कर सकती है. सोशल मीडिया पर आपकी किसी से दोस्ती हो सकती है. दोनों एक दूसरे को पसंद कर सकते हैं. याद रहे कि किसी से भी दोस्ती करने से पहले उसे भलि-भांति पहले जानने की कोशिश करें. पति-पत्नी के बीच मधुर संबंध बनेंगे.

**वृष :** आपका आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगा. आपसी विश्वास के सहारे आपके संबंधों में मजबूती आयेगी. मेहनत के परिणाम आपको जल्द ही मिलेंगे. इस राशि की महिलाओं को आज कोई खास खुशखबरी मिल सकती है. करियर के लिए यह महिना मील का पत्थर साबित होगा. सफलता आपके कदम चूमेगी. लोग आपके विचारों को सुनने के लिए बहुत उत्सुक होंगे. ब्राह्मण को कुछ दान करें, आप काम में सफल होंगे. रोमांस से भरा दिन, नए मित्र के साथ डेट पर जा सकते हैं. फुलों का गुलदस्ता साथ ले जाएंगे तो बेहतर रहेगा. अपने प्रियतम से दिल के राज खोल दें. जीवनसाथी को अचानक खुशखबरी मिल सकती है, जो घर का माहौल बेहतर करेगी. विवाहित जातको में लव रिलेशन का महत्व बढ़ेगा.

**मिथुन :** आपको शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे. किसी बड़ी समस्या का समाधान होगा. विवाह के इच्छुक व्यक्तियों को वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्त हो सकता है. भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा. सामाजिक समारोह में परिवार के साथ शामिल होना सबके लिए अच्छा अनुभव रहेगा. नौकरी में प्रमोशन के भी चांस हैं. बच्चों के साथ शाम को कहीं घूमने जाने का प्लान बना सकते हैं. गाय को रोटी खिलायें, धन संबंधी परेशानियां दूर होंगी. अपने प्यार का इजहार कर सकते हैं. पार्टनर से ढेरों बातें होगीं. इमोशनल होंगे और किसी बात को लेकर चिंता बढ़ेगी. अविवाहत के लिए शादी का रिश्ता आ सकता है.

**कर्क :** जहां तक आपके करियर की बात है, तो परिणाम हासिल करने के लिए आपको कड़ी मेहनत करनी होगी. आपके बॉस और उच्च अधिकारी आप को भ्रमित कर सकते हैं. यह आपके काम में कुछ नकारात्मक प्रभाव पैदा करेगा. धैर्य रखें और समय को अपना काम करने दें. रचनात्मक ऊजाएं आपके आत्मविश्वास को बढ़ाएंगी और उनमें वृद्धि करेंगी. पारिवारिक जीवन सामान्य रहेगा. प्रेमी अपने साथी के प्रति अत्यधिक भावुक हो सकते हैं. आप कई नए संपर्क बनाएंगे और दोस्ती करेंगे जो आपके लिए फायदेमंद साबित हो सकती है. प्रेम के रिश्तो में अनबन खत्म होगी. आपसी बातचीत से मसला सुलझा सकते हैं. अपनी रिलेशनशिप को बेहतर बनाने के लिए आप दोनों को कोशिश करनी पड़ेगी. क्रोधवश आप अपने साथी से कुछ गलत कह सकते हैं. बच्चों की शिक्षा को लेकर जीवनसाथी से नोंक झोंक हो सकती है.

**सिंह :** आपका उदार भाव लोगों को प्रभावित कर सकता है. आर्थिक स्थिति में उतार-चढ़ाव बना रहेगा. आप किसी पुराने मित्र से मिलने उसके घर पर जा सकते हैं. आपको दोस्त की मदद मिल सकती है जिससे आपका काम आसानी से बन जाएगो उधार लेन-देन करने से आपको बचना चाहिए वाहन चलाते समय आपको सावधानी बरतनी चाहिए. बच्चों के साथ आप खुशी के पल बिता सकते हैं. मन्दिर में तिल दान करें, आपकी सभी परेशानियों का निवारण होगा. सोशल मीडिया पर ज्यादा समय बिताएंगे. फ्लर्ट करना आपके रिश्तों में दूरियां ला सकता है.

**कन्या :** आप अच्छा पैसा कमाएंगे लेकिन खर्च में इजाफा आपके लिए बचत को और ज्यादा मुश्किल बना देगा. समय आपके लिये अनुकूल नही है. बनते हुए काम बिगड़ सकते हैं, आपको ऐसा लगेगा कि सब आपके खिलाफ हो रहा है. छात्रों का उपलब्धियों से मन प्रसन्न रहेगा. आप किसी बड़ी कम्पनी से करार कर सकते हैं. आपको सफलता मिलेगी. सहयोगियों और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ कुछ गलतफहमी हो सकती है. घर वाले आज आपका साथ देंगे. ससुराल से आज खुशखबरी मिलने की संभावना है. बहुत सारे ऐसे मत होंगे, जिन पर बात या बहस करने से संबंध बिगड़ सकते हैं. अपने दिल की भड़ास आज निकाल दें. शाम को रोमांटिक पल व्यतीत करेंगे.

**तुला :** किसी संदेहजनक कार्य में हाथ ना डालें, वरना आप कानूनी कार्यवाही में फंस सकते हैं. अपने सामाजिक संपर्कों को मजबूत करने के लिए अपने आकर्षण और शिष्टता का उपयोग करें. आपकी आर्थिक और व्यावसायिक स्थिति में सुधार होगा. पैतृक संपत्ति की प्राप्ति आपके सुख में इजाफा करेगी. पारिवारिक सदस्यों से असहमति के कारण मन तनाव से भरा रहेगा. मां की सेहत का ख्याल रखें और नियमित जांच के लिए उन्हें ले जाना न भूलें. प्रेमी को आपकी कुछ आदतें बुरी लग लगेंगी. ऑफिस में किसी से डेटिंग का प्रस्ताव मिल सकता है.

**वृश्चिक :** आप मित्रों के साथ मूवी की प्लानिंग करेंगे. किसी जरूरी काम को आप जल्दी पूरा करने की कोशिश करेंगे. उसमें आपको सफलता भी मिलेगी. इस राशि के छात्र अगर ग्रुप स्टडी करेंगे, तो उनके सभी समस्याएं सॉल्व होगी. ऑफिस में आपको कोई नया प्रोजेक्ट मिल सकता है. आप इसमें सफल भी होंगे. आपके भौतिक सुख- साधनों में बढ़ोतरी हो सकती है. बिजनेस के सिलसिले से आपको यात्रा करनी पड़ सकती है. जरुरतमंद को वस्त्र दान करें, सभी काम में आपको सफलता मिलेगी डेट पर जाएं और हर लम्हें का भरपूर आनंद लें. परिवार के कारण रिलेशन में टेंशन आ सकती है. ससुराल से खुशखबरी मिलने की संभावना है. प्रेम से भरी बहुत सारी बातें प्रेमी से करेंगे. मैरिड कपल को पारिवारिक चिंताएं घेरे रहेंगी.

**धनु :** नौकरी में पदोन्नति के आसार है. अगर आपसे ये समस्याएं नहीं सुलझ रहीं है तो उन लोगों से मदद लें जिन पर आप विश्वास कर सकते हैं. रुका हुआ पैसा तथा पैसा वसूली में सफलता मिलेगी. मनोरंजक यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है. व्यापार-व्यवसाय में लाभ वृद्धि होगी. स्टूडेंट्स अपने करियर में सफलता से प्रसन्न रहेंगे. उच्चाधिकारी का सहयोग प्राप्त होगा. नेत्र विकार से कष्ट रहेगा. आप स्टॉक और प्रॉपर्टी में नए सिरे से निवेश करेंगे. लव मैरिज और प्रपोज करने के लिए यह महिना बेहतर है. परिणाम अनुकूल आएंगे. लव कपल एक दूसरे के प्रति आकर्षित होंगे.

**मकर :** किसी पुरानी बात को लेकर सहयोगियों से बहस हो सकती है, अतः सावधानी से काम लेकर विवादों को टालें. निजी जीवन में कुछ परेशानियां रह सकती हैं. बेहतर होगा आप अपने जीवनसाथी की सोच को समझने का प्रयास करें और बात का बतंगड़ न बनाएं. खान पान पर भी संयम रखें. आप अपनी या संतान की शिक्षा को लेकर चिंतित रह सकते हैं. लव रिलेशन में तनाव रहेगा. लव पार्टनर के साथ आपसी तालमेल नहीं बैठेगा. विवाहित जीवन को सुखी बनाने के लिए कोशिश करेंगे. घर के काम की वजह से तनाव रहेगा. विवाहित दंपत्ति को धन का लाभ होने की संभावना बन रही है.

**कुंभ :** आपका मन सामाजिक कार्यों की तरफ रहेगा. शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े छात्रों को बेहतर परिणाम हासिल होंगे. साथ ही जो विद्यार्थी विदेश में शिक्षा ग्रहण करना चाहते हैं, उनके लिए आज का दिन फेवरेबल है. उनको शिक्षकों से पढ़ाई में पूरी तरह मदद भी मिलेगी. आप पूरे दिन खुद को ऊर्जा से भरा हुआ महसूस करेंगे. पैसों की स्थिति पर आप गंभीरता से विचार करेंगे. आपको किसी धार्मिक आयोजन में जाने का अवसर मिलेगा. अपने मस्तक पर केसर का तिलक लगाएं, समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा. आपको कोई नया लवर मिल सकता है. पुराने पारिवाहिक मित्र की ओर आकर्षित होंगे. दोस्ती प्यार में बदल सकती है.

**मीन :** परिवार के सदस्यों की सहयोग से आप समस्या का समाधान करने में सफल रहेंगे. आपका पारिवारिक जीवन आरामदायक परिवेश से खुश रहेगा और सामाजिक रूप से आप अधिक लोकप्रियता हासिल करेंगे. स्वादिष्ट भोजन का आनंद प्राप्त होगा. किसी पार्टी व पिकनिक का आयोजन हो सकता है. रचनात्मक तथा बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे. मानसिक शान्ति तो मिलेगी, परन्तु आत्मविश्वास में कमी आयेगी. नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते है. लव रिलेशन में मधुरता बढ़ेगी. महिना आपके पक्ष में है.

# शहनाज गिल के पिता को धमकी




**मुंबई,** पंजाबी कलाकारों को जान से मारने की धमकियां मिलने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। जहां बॉलीवुड अभिनेता और अभिनेत्रियों के बाद अब उनके परिवार के लोगों को धमकी भरे फोन आने शुरू हो गए हैं। बिग बॉस कंटेस्टेंट रह चुकी अभिनेत्री और पंजाबी सिंगर शहनाज गिल के पिता संतोख सिंह को जान से मारने की धमकी मिली है। बताया जा रहा है कि शहनाज के पिता को फोन किसी विदेशी नंबर से आया था। फोन करने वाले ने उन्हें दिवाली से पहले घर में घुसकर जान से मारने की धमकी दी है। फिलहाल इसकी शिकायत संतोख ने पुलिस में कर दी है। एसएसपी स्वप्ना शर्मा ने कहा कि संतोख सिंह से सभी सबूत ले लिए गए हैं। हम मामले की अच्छी तरह से जांच कर रहे हैं। एसएसपी ने जब संतोख गिल से पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि वह किसी काम से तरनतारन जा रहे थे। इस बीच उनके मोबाइल पर किसी अज्ञात नंबर से फोन आया। कॉल करनेवाले ने उन्हें धमकाया कि वह उन्हें इस दिवाली से पहले जान से मार देगा। यही नहीं उसने कहा कि वह उन्हें गोली नहीं मारेगा, बल्कि दिल के टुकड़े-टुकड़े करके मारेगा।

# शिवसेना के ठाकरे गुट के समर्थन में तैयार शपथ पत्रों को लेकर मुंबई पुलिस ने धोखाधड़ी तथा जालसाजी के आरोपों में प्राथमिकी दर्ज की

**मुंबई :** मुंबई पुलिस ने शिवसेना के उद्धव ठाकरे नीत गुट के समर्थन में तैयार किए गए 4, 500 से अधिक शपथ पत्र बरामद करने के बाद धोखाधड़ी तथा जालसाजी के आरोपों में अज्ञात लोगों के खिलाफ एक प्राथमिकी दर्ज की है। शिवसेना के एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाले धड़े के प्रवक्ता नरेश म्हस्के ने एक वीडियो संदेश में दावा किया कि मुंबई पुलिस को 4, 682 ''फर्जी''शपथ पत्र मिले हैं और उसने एक शिकायत के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ एक आपराधिक मामला दर्ज किया है। ठाणे के पूर्व महापौर म्हस्के ने पुलिस का आभार व्यक्त किया और शिवसेना के चुनाव चिह्न को लेकर शिंदे गुट के साथ विवाद के मद्देनजर निर्वाचन आयोग के समक्ष शपथ पत्र देने में कथित कदाचार को लेकर ठाकरे गुट की आलोचना की।

उन्होंने कहा, ''मेरा आरोप है




कि शिवसैनिकों के ये फर्जी और झूठे शपथ पत्र निर्वाचन आयोग के समक्ष जमा कराने के लिए तैयार किए गए।''म्हस्के ने दावा किया कि यह सब कुछ ''मातोश्री''के मार्गदर्शन में हो रहा है।'मातोश्री' उपनगर बांद्रा में पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे का निजी आवास है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि उन्हें एक नोटरी से शपथ पत्र मिले, जिसमें शिवसेना समर्थकों के आधार कार्ड जैसी महत्वपूर्ण जानकारियां संलग्न थीं। इसके बाद शनिवार को यहां निर्मल नगर पुलिस थाने में भारतीय दंड संहिता की धारा 420 (धोखाधड़ी) और 465 (जालसाजी) के तहत मामला दर्ज किया गया। प्राथमिकी में कहा गया है कि शिकायतकर्ता बांद्रा की एक अदालत में गया था और उसने दो लोगों को शपथ पत्रों के ढेर के साथ देखा, जिस पर नोटरी की मुहर लगी थी। इसमें कहा गया है कि पुलिस ने सभी शपथ पत्र जब्त कर लिए और अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

निर्मल नगर पुलिस थाने के एक अधिकारी के अनुसार, शपथ पत्र बनवाने वाले व्यक्ति को नोटरी के समक्ष पेश होना पड़ता है। इस मामले में जिन लोगों के नाम शपथ पत्र में थे, वे वहां मौजूद नहीं थे। उन्होंने कहा कि पुलिस उन लोगों को बुलाएगी और यह पुष्टि करेगी कि क्या उन्होंने ठाकरे गुट के समर्थन में शपथ पत्र बनवाए हैं और क्या उन्हें अपने नाम पर शपथ पत्र तैयार किए जाने के बारे में पता है। उन्होंने कहा कि पुलिस यह भी पता लगाएगी कि क्या इन समर्थकों ने अपनी ओर से शपथ पत्र बनाने का जिम्मा किसी और को दिया है। इस बीच, म्हस्के ने ठाकरे नीत गुट द्वारा निर्वाचन आयोग को अभी तक सौंपे गए शपथ पत्रों की जांच कराने की मांग की है।

# 'बालासाहेब की शिवसेना'

## होगा एकनाथ शिंदे की पार्टी का नाम, EC से उद्धव ठाकरे के लिए अच्छी खबर...

**मुंबई :** निर्वाचन आयोग ने सोमवार को मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले शिवसेना गुट को नया नाम आवंटित कर दिया। निर्वाचन आयोग ने शिंदे के लिए पार्टी के नाम के रूप में 'बालसाहेबांची शिवसेना' नाम आवंटित किया है। 'बालसाहेबांची शिवसेना' मराठी नाम है जिसका हिंदी अर्थ 'बालासाहेब की शिवसेना' है। वहीं उद्धव ठाकरे के गुट का नाम 'शिवसेना - उद्धव बालासाहेब ठाकरे' होगा। निर्वाचन आयोग द्वारा 'शिवसेना - उद्धव बालासाहेब ठाकरे' नाम आवंटित किए जाने के बाद उद्धव ठाकरे गुट के नेता भास्कर जाधव ने कहा, ''हम बहुत खुश हैं, इसे बड़ी जीत मानते हैं।''



इसके साथ ही उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना को निर्वाचन आयोग से एक अच्छी खबर मिली। उद्धव गुट को चुनाव आयोग से 'मशाल' चुनाव चिन्ह आवंटित हुआ है। उद्धव गुट ने चुनाव आयोग को जो तीन चिह्न सौंपे थे उनमें से एक चुनाव चिह्न 'मशाल' भी था। लेकिन शिंदे गुट को कोई चुनाव चिह्न आवंटित नहीं हुआ है। क्योंकि निर्वाचन आयोग ने धार्मिक अर्थों का हवाला देते हुए शिवसेना के प्रतिद्वंद्वी गुटों के लिए त्रिशूल और गदा को चुनाव चिन्ह के रूप में आवंटित करने के सुझाव को खारिज कर दिया। इसके साथ ही आयोग ने शिंदे गुट को नए चुनाव चिह्न का चयन करने के लिए कहा है। उद्धव गुट को चुनाव चिह्न इसलिए आवंटित कर दिया गया क्योंकि उन्होंने जो चिह्न सुझाए थे उनमें से एक चिह्न 'मशाल' भी था जिसका आयोग के मुताबिक 'कोई धार्मिक अर्थ' नहीं है। शिवसेना के उद्धव ठाकरे और एकनाथ शिंदे नीत खेमों ने निर्वाचन आयोग को अपनी पसंद के तीन-तीन वैकल्पिक चिह्न और नाम औपचारिक रूप से सौंपे थे। आयोग ने शनिवार रात पार्टी का 'धनुष-बाण' चिह्न पर रोक लगा दी थी और दोनों खेमों को वैकल्पिक चिह्न और पार्टी नाम का सुझाव देने को कहा था। गौरतलब है कि शनिवार को, आयोग ने शिवसेना के दोनों खेमों को तीन नवंबर को अंधेरी ईस्ट विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव में पार्टी के नाम और चुनाव चिह्न का इस्तेमाल करने से प्रतिबंधित कर दिया था। पार्टी पर नियंत्रण के लिए प्रतिद्वंद्वी खेमों के दावे को लेकर एक अंतरिम आदेश में आयोग ने उन दोनों से सोमवार तक अपनी पसंद के तीन अलग-अलग नाम और चिह्न बताने को कहा था।

## महिला से की छेड़छाड़ के आरोप में जिम का प्रशिक्षक गिरफ्तार



**मुंबई :** मुंबई के पश्चिमी उपनगर मलाड के एक जिम में महिला से कथित तौर पर छेड़छाड़ करने के आरोप में 35 वर्षीय फिटनेस प्रशिक्षक को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। चारकोप थाने के एक अधिकारी ने बताया कि महिला की शिकायत के आधार पर पुलिस ने शुक्रवार को आरोपी को गिरफ्तार किया था। वह बीते चार साल से जिम में काम कर रहा था। उन्होंने बताया कि 25 वर्षीय महिला ने अपनी शिकायत में कहा था कि आरोपी ने उन्हें प्रशिक्षण देने के बहाने आपत्तिजनक तरीके से छुआ और ऐसा कई बार हुआ था। अधिकारी ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व प्रखर समाजवादी नेता मुलायम सिंह यादव जी का निधन



**उत्तर प्रदेश :** उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव का निधन हो गया है। उन्होंने सोमवार सुबह 8. 16 पर अंतिम सांस ली। वह 82 साल के थे। मुलायम सिंह गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में वह वेंटिलेटर पर थे। पिछले रविवार से उनकी हालत नाजुक बनी हुई थी। मुलायम सिंह यादव के निधन के बाद सपा कार्यकताओं में शोक की लहर दौड़ गई। पहलवान और शिक्षक रहे मुलायम ने लंबी सियासी पारी खेली। तीन बार यूपी के मुख्यमंत्री रहे। केंद्र में रक्षा मंत्री रहे। उन्हें बेहद साहसिक सियासी फैसलों के लिए भी जाना जाता है। आपको बता दें कि 22 अगस्त को मेदांता अस्पताल में भर्ती किया गया था। मुलायम सिंह को एक अक्तूबर की रात को आइसीयू में शिफ्ट किया गया था। मुलायम सिंह यादव का मेदांता के एक डॉक्टरों का पैनल इलाज कर रहा था। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव और परिवार के अन्य सदस्य उनके साथ ही हैं। दिल्ली से उनका शव लखनऊ लाने की तैयारी है। यहां से फिर इटावा ले जाया जाएगा। मंगलवार दोपहर तीन बजे मुलायम सिंह यादव का सैफई में अंतिम संस्कार किया जाएगा।समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने मुलायम सिंह यादव के निधन की जानकारी दी।

## नवी मुंबई के पास उरन में केमिकल प्लांट में धमाका, 2 की मौत, 5 गंभीर रूप से घायल



**मुंबई:** महाराष्ट्र के नवी मुंबई इलाके में स्थित पावर जेनरेशन कंपनी के ऊर्जा स्टेशन में हुए ब्लास्ट में दो लोगों की मौत हो गई. जबकि पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं. पुलिस ने इस घटना की जानकारी देते हुए बताया कि मुंबई से करीब 48 किलोमीटर दूर उरन में स्थित गैस टर्बाइन पावर स्टेशन के ब्वायलर के पंप में यह विस्फोट हुआ, जिसके बाद उसमें शाम सवा चार बजे करीब आग लग गई. पुलिस अधिकारी ने बताया कि एक कनीय अभियंता सहित चार लोग गंभीर रूप से झुलस गए. जिसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया. अधिकारी ने बताया कि दो को मृत घोषित कर दिया गया है. पुलिस अधिकारी ने बताया कि विस्फोट के कारणों का पता नहीं चल सकता है. घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस प्रशासन और दमकल विभाग मौके पर पहुंच गए. दमकल की टीम आग और गैस पर काबू पाने की कोशिश शुरू की.

बता दें कि कुछ दिन पूर्व ही महाराष्ट्र के पालघर के एक फैक्ट्री में जबरदस्त धमाका हुआ था. वसई में मौजूद एक फैक्ट्री में ब्लास्ट होने के कारण तीन लोगों की मौत हो गई थी और 8 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे. ये ब्लास्ट का हादसा फैक्ट्री में हाइड्रोजन सिलेंडर फटने से हुआ था. ब्लास्ट के वक्त फैक्ट्री में कई स्टाफ मौजूद थे.

## मर्डर, जबरन वसूली, अहरण सहित कई अपराध में लिप्त हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

**नवी मुंबई :** नवी मुंबई पुलिस ने अपहरण और जबरन वसूली सहित सात बड़े अपराधों के मामले के हिस्ट्रीशीटर अपराधी को गिरफ्तार किया. इस आरोपी के खिलाफ महाराष्ट्र कंट्रोल ऑफ ऑर्गनाइज्ड क्राइम एक्ट लगा किया गया था. इस आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर नवी मुंबई के पुलिस आयुक्त बिपिन कुमार सिंह ने मीडिया को बताया कि 14 सितंबर 2019 को नेरुल पुलिस थाने के बॉर्डर से लापता होने के कुछ दिनों बाद सचिन गैरेज (32) का जला हुआ शरीर मिला था. इसके बाद इस मामले की जांच शुरू हुई थी.


पुलिस अधिकारी ने कहा कि गरजे का गिरफ्तार हिस्ट्रीशीटर के साथ पैसों का विवाद था. आरोपी ने गरजे को सीवुड्स के एक मॉल के पास से अगवा किया फिर उसे चिरनेर हिल ले गया. जहां पर उसकी गोली मारकर हत्या कर दी और फिर उसके शरीर



को जला दिया. इस मामले में पुलिस ने उस समय चार लोगों को गिरफ्तार किया गया था और पांच वांछित थे. पुलिस आयुक्त ने कहा कि कथित तौर पर रंगदारी का रैकेट चलाने के मामले में इस मामले में और लोगों को गिरफ्तार किया गया है. इस मामले की जांच के दौरान पुलिस ने यह भी पाया कि पनवेल निवासी अशोक घरत की हत्या के लिए गिरोह कथित रूप से जिम्मेदार था. जिससे उन्होंने 25 लाख रुपये की फिरौती मांगी थी. घरत का इस साल 27 जनवरी को नवी मुंबई के मंचर से अपहरण किया गया था और कुछ समय बाद गिरोह ने ठाणे जिले के तानसा इलाके में उसकी गोली मारकर हत्या कर दी थी और उसके शव को


## मुंबई निगम चुनाव से पहले अंधेरी उपचुनाव उद्धव ठाकरे के लिया बना चुनौती !

मुंबई में आगामी 3 नवंबर को अंधेरी (पूर्व) विधानसभा सीट के लिए उपचुनाव उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना के एक बड़ी चुनौती है जिसमें वह अपना शक्ति प्रदर्शन करेगी। इस महासंग्राम में उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना और प्रतिद्वंद्वी एकनाथ शिंदे खेमे-भाजपा गठबंधन दोनों एक-दूसरे के खिलाफ खड़े होंगे। विशेषज्ञ का कहना हे कि इस चुनाव का सीधा मुंबई के नगर निगम चुनाव (बीएमसी) में देखने को मिलेगा। ठाकरे खेमे से शिवसेना विधायक दिवंगत रमेश लटके की पत्नी रुतुजा को मैदान में उतारने की उम्मीद है क्योंकि यह काफी हद तक सहानुभूति कारक पर निर्भर करता है। मई में दुबई की यात्रा के दौरान दिल का दौरा पड़ने से लटके की मृत्यु हो गई थी। जानकारों का कहना हे कि शिंदे खेमे के लिए जो शिवसेना के संस्थापक दिवंगत बाल ठाकरे की



विरासत को आगे बढ़ाने के लिए वैधता का दावा करने के लिए तेजी से कदम उठा रहा है, अंधेरी (पूर्व) में बढ़त की संभावनाएं कम हैं। उद्धव ठाकरे के लिए बीएमसी चुनावों से पहले अपनी ताकत साबित करने के लिए उपचुनाव पहला बड़ा परीक्षण होगा। एकनाथ शिंदे गुट और भाजपा द्वारा ठाकरे की कांग्रेस पार्टी और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के साथ हाथ मिलाने के लिए अक्सर बाल ठाकरे के हिंदुत्व सिद्धांतों से समझौता करने के लिए आलोचना की जाती है। आगामी बीएमसी चुनावों पर नजर रखते हुए, भाजपा नगर निकाय का नियंत्रण छीनने के लिए एक मजबूत योजना पर काम कर रही है।

राजनीतिक विश्लेषक हेमंत देसाई ने मीडिया को दिए एक बयान में कहा हे कि विभाजन के बाद यह उपचुनाव पहली लड़ाई है और दोनों गुट अपनी ताकत साबित करने की पूरी कोशिश करेंगे। हालांकि चूंकि मुख्यमंत्री शिंदे की मुंबई पर पकड़ नहीं है, इसलिए वह अपने गुट से उम्मीदवार नहीं उतारेंगे और स्वाभाविक रूप से भाजपा का समर्थन करेंगे। उन्होंने कहा कि अंधेरी में भाजपा का एक मजबूत वोट बैंक है, लेकिन ठाकरे के उम्मीदवार पर सहानुभूति कारक है जो शिवसेना की मदद कर सकता है।





# शर्टलेस होकर शाहरुख ने दिखाई लीन बॉडी...

**मुंबई।** शाहरुख खान पिछले काफी समय से अपनी अपकमिंग फिल्मों को लेकर खबरों में बने हुए हैं। इसी बीच रविवार के दिन किंग खान ने अपने फैंस को विसुअल ट्रीट देकर खास बना दिया है। दरअसल हाल ही में शाहरुख खान ने मच अवेटेड फिल्म 'पठान' से एक तस्वीर साझा की है, जो आते के साथ ही सोशल मीडिया पर ताबड़तोड़ वायरल हो रही है। ये तस्वीर किंग खान की फीमेल फैंस के दिलों पर खंजर का काम कर रही है। शाहरुख खान ने अपने इंस्टा हैंडल से इस तस्वीर को पोस्ट किया है। इस पोस्ट के साथ एक्टर ने अपनी शर्ट को याद करते हुए एक मजेदार कैप्शन भी शेयर किया है।

लाइफ Style



# मानुषी

## मेरे लिए हर दिन सेट पर पहला दिन

एजेंसी ▶▶| मुंबई

दिलकश बॉलीवुड अभिनेत्री मानुषी छिल्लर को जॉन अब्राहम के साथ दिनेश विजन की सत्य घटनाओं पर आधारित फिल्म तेहरान के लिए साइन किया गया है। तेहरान में बतौर एक्टर के तौर विकसित होने और सीखने के लिए मानुषी को बहुत बड़ा मौका है।

मानुषी कहती हैं, 'तेहरान मेरे लिए सीखने वाला एक रोमांचक अनुभव है। यह रोमांचक फिल्म है और मुझे अच्छा लग रहा है कि एक्टर के तौर पर अपने आप को अलग तरह से दिखाने का मौका मिल रहा है। सिनेमा में मेरा सफर अभी शुरू हुआ है, मेरे लिए हर दिन सेट पर पहले दिन जैसा होता है। मेरे लिए बहुत कुछ समझने और मन से बसाने के लिए होता है।' उन्हें खुशी है कि उन्हें पहली दो फिल्मों में दो बिल्कुल अलग जॉनर में जाने का मौका मिला। वह बताती हैं,'पहले ऐतिहासिक जॉनर सम्राट पृथ्वीराज और अब यह, मुझे बिल्कुल दो जॉनर को महसूस करने का मौका मिल रहा है। अभी आगे देखते हैं क्या होता है।'

मानुषी ने प्रियंका चोपड़ा के 17 साल बाद भारत के लिए मिस वर्ल्ड का ताज पहना, बताती हैं कि तेहरान के इंटरनेशनल शूटिंग के बाद, टीम अब मुंबई और दिल्ली में शूट करने जा रही है। मैडॉक फ़िल्म्ज़ द्वारा बेक माई केक फिल्म के साथ बनाई जा रही फ़िल्म की डायरेक्शन अरूण गोपालन कर रहे हैं, और रितेश शाह और आशिष प्रकाश वर्मा ने इसे लिखा है। इसे दिनेश विजन, शोभना यादव और संदीप लेयजल ने प्रोड्यूस किया है।


# बिग बॉस 10 का हिस्सा बनने पर राहुल देव बोले, मेरे पास काम नहीं था...



**मुंबई।** अपनी खलनायक वाली भूमिकाओं के लिए मशहूर अभिनेता राहुल देव कई फिल्मों और टीवी शोज में नजर आ चुके हैं। हालांकि, साल 2009 में अपनी पत्नी के निधन के बाद उन्होंने इंडस्ट्री से दूरी बना ली। इसके चार साल बाद जब उनका बेटा कॉलेज गया, तो अभिनेता ने बी-टाउन फिर लौटने का फैसला किया। लेकिन वापसी करने के बाद उन्होंने पाया कि उनके पास कोई काम ही नहीं है। ऐसे में अपनी वापसी के लिए उन्होंने बिग बॉस 10 में प्रतियोगी बनने का फैसला और बॉलीवुड में अपनी वापसी को चिन्हित किया। अब हाल ही में इस बारे में बात करते हुए उन्होंने खुलासा किया कि उनके पास बिग बॉस करने के अलावा कोई विकल्प नहीं था। जब उन्हें बिग बॉस का प्रस्ताव मिला था, तब वह बेरोजगार थे। अपने संघर्ष के बारे में बात करते हुए राहुल ने कहा कि, "इतना काम करने के बावजूद, मुझे बिग बॉस करना पड़ा। मैं बिग बॉस 10 में प्रतिभागी था, क्योंकि मेरे लिए कोई काम नहीं था। मैं इसके लिए किसी को दोष नहीं दूंगा, क्योंकि हमारी फील्ड में हालात बहुत तेजी से बदलते हैं। और साढ़े चार साल एक लंबा समय होता है। इस दौरान उन्होंने राहुल ने इंडस्ट्री के अपने कुछ दोस्तों के प्रति आभार भी व्यक्त किया। उन्होंने कहा मैं इंडस्ट्री के अपने दोस्तों के लिए भी शुक्रगुजार हैं, जिन्होंने मेरा समर्थन किया और मेरी मदद करने के लिए संपर्क किया। उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा, अगर कोई एक व्यक्ति है जिसे मैं जिम्मेदार मानता हूं, तो वह केवल मेरे गुरु हैं।

# अपनी बेटी नितारा के लिए लिखी...

## दिल छू लेने वाली बात



**मुंबई।** बॉलीवुड के खिलाड़ी यानी अक्षय कुमार अपने काम के साथ परिवार को भी पूरा समय देते हैं। उन्हें अक्सर अपने दोनों बच्चों के साथ वक्त बिताते देखा जाता है। हर माता-पिता की तरह अक्षय कुमार अपने दोनों बच्चों बेहद प्यार करते हैं लेकिन बेटी नितारा के साथ कई बार उनकी खास बॉन्डिंग देखने को मिलती है। आज अक्षय कुमार की बेटी दस साल की हो गई है और इस मौके पर उन्होंने खास पोस्ट साझा की है, जो किसी भी बेटी के पिता के दिल को छू जाएगी। अक्षय कुमार ने बेटी नितारा के जन्मदिन पर अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल से एक छोटा सा वीडियो क्लिप साझा किया है, जिसमें उन्हें अपनी लाडली बेटी का हाथ थामे रेगिस्तान में चलते देखा जा सकता है। ये वीडियो किसी ट्रिप का लग रहा है। अभिनेता ने पोस्ट साझा करने के साथ ही दिल छू लेने वाला नोट भी लिखा है। अक्षय कुमार ने अपनी बेटी नितारा के दसवें जन्मदिन की पोस्ट साझा करते हुए लिखा- "मेरा हाथ पकड़ने से लेकर अब अपना शॉपिंग बैग रखने तक, मेरी बच्ची बहुत तेजी से बड़ी हो रही है।

# अवैध गैस प्लांट चारकोप पुलिस को मिली बड़ी कमियाबी

(पेज १ का शेष.... )

चारकोप पुलिस थाने के पुलिस निरीक्षक सुधीर चौहान जिन्होंने अपने वरिष्ठ अधिकारियो के मार्गदर्शन में और अपने पुलिस बल के साथ चल रहे अवैध गैस प्लांट का जो खुलासा किया इस विषय में उत्तर मुंबई के अप्पर पुलिस आयुक्त श्री वीरेंद्र मिश्रा और परिमंडल क्र ११ के पुलिस उपायुक्त श्री विशाल ठाकुर ने पत्रकार परिषद में इस बात का खुलासा किया. इसके लिये हम अपने अखबार के माध्यम से और अपने पाठको की ओर से हार्दिक बधाई देते हैं`

जानकारों के अनुसार इस गैस प्लांट से हर दिन कितने रुपयों की कमाई होती है ? और कैसे होती है ? बताया जाता है घरेलु गैस बाटले में १४ किलो २०० ग्राम गैस होता है और हिंदुस्तान पेट्रोलियम (एच. पी. सी. एल. ) कंपनी के व्यवसाई बड़े बाटले में १९ किलो गैस होता है और छोटा व्यवसाई बाटले में ५ किलो गैस होता है` आपकी जानकारी के लिये हम आप का ध्यान इस विषय पर ले जा रहे है एक घरेलु गैस बाटले में १४ किलो २०० ग्राम गैस होता है और इस की किमत १०५१ रुपये होती है` और उन चार घरेलु गैस बाटले की कुल किमत ४२०४ रुपये होती है ` इस तरह से यदि हम चार घरेलु गैस बाटले लेते है तो जिसमे कुल मिला कर ५६ किलो ८०० ग्राम होता है अब इन चार घरेलु गैस बाटले से हम ३ बड़े गैस बाटले भर सकते है जिस में हर बाटले में १८ किलो ९३ ग्राम गैस भरते है और हिंदुस्तान पेट्रोलियम (एच. पी. सी. एल. ) कंपनी का शिल लगाकर उन्हें बजार में प्रति बटला २२०० से २३०० रुपए के हिसाब से ग्राहकों को बेचते है. यही हम २२०० के हिसाब से ३ बटले का हिसाब जोड़ते है तो ६६०० रुपए होते है. उनमें से हम ४२०४ रुपये निकालते है तो २३९६ रुपये कमाई होती है. इसी को हम ३ हिस्सों में बाटते है तो प्रति बाटले पर ७९८ रुपयों की कमाई होती हैं`

स्थानिक सूत्रों के अनुसार जब पुलिस ने अवैध गैस प्लांट पर छापा मारा उस वक्त गो गैस कंपनी के १९४ घरेलु गैस बाटले और हिंदुस्तान पेट्रोलियम (एच. पी. सी. एल. ) कंपनी के लगभग ५० गैस बाटले खाली और भरे हुये जगह पर मिले` अब प्रश्न यह है की गो गैस कंपनी और हिंदुस्तान पेट्रोलियम (एच. पी. सी. एल. ) कंपनी के बाटले उस अवैध प्लांट में कहां से आये ? उन बाटलो को इन प्लांट तक पहुचाने का काम कौन करता है ? अब प्रश्न सुधीर चौहान से उन्होंने अपने आला अधिकारियो के मार्गदर्शन में अपने फर्ज को बखूबी अंजाम दिया लेकिन उनकी आगे की तहकीकात क्यों रुक गई ? उन ३ आरोपियों के आगे आप तहकीकात क्यों नही कर रहे हो ? आपको यह जानना चाहिए कि इस अवैध गैस प्लांट को चलाने के लिये इन्हें घरेलु गैस बाटला कौन देता है ?

जानकारों का कहना है कि गो गैस कंपनी का पुरे मुंबई शहर में आजाद जमाल खान नामक व्यक्ति एक मात्र गैस एजेंसी धारक है` और सुधीर चौहान ने आजाद जमाल खान की जांच पड़ताल क्यों नही की ? और नादिम जो हिंदुस्तान पेट्रोलियम (एच. पी. सी. एल. ) कंपनी के बाटले वितरण करने का काम करता है पुलिस निरीक्षक सुधीर चौहान ने इनसे भी कोई पूछताछ नही की। हर तरह से पुलिस निरीक्षक सुधीर चौहान के पुरे कार्य और लिखे जाने वाले हर शब्दों पर प्रश्न चिन्ह लग रहा है पुलिस ने और कई लोगो से यह भी सुना जा रहा है की सुधीर चौहान द्वारा अपने खाबरीयो के माध्यम से कई गैस एजेंसी धारको से रुपए वसूले जा चुके है और जिन गैस एजेंसियो का इस विषय में कोई लेना देना नही था। उन्हें भी सुधीर चौहान अपने मोबाईल क्र ९९३०१६९१११ से फोंन करके यह कहता है कि आप (फला फला) बोल रहे है ? इस नाम की गैस एजेंसी आप की है ? आप अपना ऑफिस और घर का पता भेजो हम आप को पुलिस थाने की ओर से एक पत्र भेजेंगे उस पत्र में जो तारीख रहेगी उस तारीख पर आके मुझसे मिलना है. इस तरह से पुलिस निरीक्षक सुधीर चौहान ने कई लोगो को अपने मोबाईल से फोंन करके उनसे उनके घर और ऑफिस का पता मॉंगाया और सभी गैस एजेंसी धारको ने सुधीर चौहान के मोबाईल क्र पर अपने घर और ऑफिस का पता भेजा लेकिन आज १५ दिन से ज्यादा हो चुके है पुलिस निरीक्षक सुधीर चौहान ने कोई लिखित पत्र अब तक नही भेजा` इससे लोग यह अंदाजा लगा रहे है कि सुधीर चौहान ने गैस एजेंसी धारको को इस तरह फोंन क्यों किया ? क्या सुधीर चौहान इस तरह से फोन करके उन्हें गैस एजेंसी धारको को डरा रहे है ? इस तरह से डरा कर क्या उन गैस एजेंसी धारको से रुपये वसूलना चाहते है ? हम अपने अखबार के माध्यम से मुंबई पुलिस आयुक्त, सह पुलिस आयुक्त गुन्हे अप्पर पुलिस आयुक्त उत्तर प्रादेशिक विभाग, और परिमंडल क्र ११ के पुलिस उपायुक्त से यह आग्रह करते है कि इस अवैध गैस प्लांट की सही तरह से तहकीकात हो और दोषी व्यक्ति पुलिस निरीक्षक सुधीर चौहान से इस विषय में पूछताछ की जाए कि कानूनी कारवाई करने में उन्होंने देरी क्यों की ?

## बोगस आरोपी बनाकर न्यायालय को किया गुमराह..

(पेज १ का शेष.... ) नवी मुंबई पुलिस आयुक्त कार्यक्षेत्र में तलोजा पुलिस थाणे में कार्यरत अधिकारियों की करतूत से पुलिस प्रशासन का मुंह काला हो गया है. खाकी वर्दी और कंधो पर तीन सितारे लगाकर तलोजा पुलिस थाणे के अधिकारी तानाशाह जैसा बरताव करते है. बामर लॉरी कंपनी मे हुए हादसे में मृत गरीब मजदूर के परिवारजन को न्याय देने बामर लॉरी के कुकर्मी अधिकारीयों का साथ दे रहे है. बामर लॉरी तलोजा युनिट मे हुए हादसे में मृतक श्री हरिश्चंद्र तुकाराम ढाके को न्याय मिलने हेतु कंपनी के तत्कालीन कर्मचारी सूचना अधिकार कार्यकर्ता एवं नवी मुंबई के स्वाभिमानी भूमिपुत्र श्री सदाशिव श्रीपत पगडे ने तलोजा पुलिस थाणे के तत्कालीन वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, असिस्टंट पुलिस कमिशनर, पुलिस कमिशनर, न्यायपालिका में पत्राचार के माध्यम से प्रयास किया. लेकिन तलोजा पुलिस थाणे के अधिकारियों ने अत्यंत घिनौनी चाल चली, जिसके चलते मृतक के परिवारजन से वंचित रहा. इतना ही नही मृतक के पक्ष मे न्याय हेतु काम करने वाले श्री सदाशिव श्रीपत पगडे को उनके साथ काम करने वाले अन्य कर्मचारी को कंपनी ने नौकरी से हटाकर उनको भी कंगाल दिया. इस विषय की विस्तृत जानकारी हमारे पाठकों के लिए प्रकाशित कर रहे है, ताकी पाठक जान सके कि किस प्रकार तलोजा पुलिस थाणे पॅटर्न काम कर रहा है ? भारत सरकार का उद्यम बामर लॉरी के तलोजा युनिट मे सन १९९३ में हादसा हुआ, जिसमे श्री. हरिश्चंद्र तुकाराम ढाके नामक मजदूर की मृत्यू हुई. इस मृत्यू के लिए कंपनी की औद्योगिक सुरक्षा यंत्रणा जिम्मेदार थी ऐसा वहां पर काम कर रहे कर्मचारियों का कहना था. मृत्युपश्चात तलोजा पुलिस थाणे में दर्ज केस में तत्कालीन पुलिस अधिकारियों ने बामर लॉरी के अधिकारियों से सांठ गाठ कर एक काल्पनिक आरोपी बनाया. ऐसा बोगस और काल्पनिक आरोपी जो कंपनी मे काम करता है नहीं और कहीं मौजूद भी नही, जो आरोपी है उन्हे पंच, साक्षीदार, जमानतदार बनाकर आरोपी का बचाव किया. पनवेल न्यायालय में केस क्रमांक १४६७/९३ 24 साल से शुरू इस मामले की 'तलोजा पुलिस आरोपी को हाजीर नही करती है' यह कारण देकर दफा २५८ अनुसार बंद की. तलोजा पुलिस आरोपी को कैसे हाजिर करेगी ? कोई सवाल ही नहीं, क्योंकि उन्होंने ही बोगस काल्पनिक रूप से आरोपी बनाया था. न्यायालय में बोगस काल्पनिक आरोपी हाजीर नही किया जा सकता. इस मामले की फिर से जांच शुरू करने की मांन श्री. सदाशिव पगडे ने गृहमंत्रालय, नवी मुंबई पुलिस कमिश्नर, तलोजा पुलिस थाणे को की, लेकिन इस मामले में तलोजा पुलिस थाणे के अधिकारी शामिल है, इसलिये इस गंभीर मामले की पुनःजांच करने में इच्छुक नहीं है. बामर लॉरी के तत्कालीन मैनेजर श्री. विजय राय माने पंच, साक्षी और तलोजा पुलिस थाणे के अधिकारी इनकी मिली भगत ने न्यायपालिका को गुमराह करके न्याय व्यवस्था का मजाक उडाया है. सूचना अधिकार कार्यकर्ता श्री सदाशिव पगडे ने इस गंभीर विषय की शिकायत तलोजा पुलिस थाणे, डीप्टी कमिशनर परिमंडल - २ को किये जाने के बाद उनको एक ह्यसमज पत्रह्ल प्राप्त हुआ. जिसमें लिखा था कि, आरोपी अंजन कुमार संतोष कुमार भट्टा के निवास के बारे में बामर लॉरी और उनकी और से कोई भी जानकारी नही हैं, जैसे ही जानकारी प्राप्त होगी पुनः जांच शुरू करने के लिए माननीय न्यायालय को विनंती की जायेगी. ऐसा भद्दा मजाक और पॅटर्न तलोजा पुलिस ही कर सकती है. ऐसा ही चलता रहा तो तलोजा पॅटर्न अन्य पुलिस थाणे के अधिकारी भी चला सकते है. इसलिये महाराष्ट्र के तेज तर्रार और कार्यक्षम मुख्यमंत्री श्री. एकनाथजी शिंदे और गृहमंत्री श्री. देवेंद्रजी फडणवीस इस विषय को गंभीरता से लेकर तलोजा पुलिस के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी बामर लॉरी के अधिकारीयों पर सक्त कारवाई करे, मृत्तक के परिवार जन और निष्कासित कर्मचारी को न्याय दे.

## सिडको और पनवेल नगर...

(पेज १ का शेष.... )

साथ ही निम्न रेखा और समुद्र के बीच की भूमि भी शामिल है. नवीनतम सी. आर. झेड. नियम २०१८- २०१९ या सीआरझेड अधिसूचना २०१८-१९ कुछ विकास सीमाओं को हटाने मंजुरी प्रक्रिया को कारगर बनाने के लिए जारी की गई थी, ताकी तटीय क्षेत्र में पर्यटन को बढावा दिया जा सके. पनवेल नगर निगम क्षेत्र मे कलंबोली सेक्टर १७ और सेक्टर २० यहां पर सिडको प्रशासन द्वारा प्लॉट आवंटन किये गये है या प्लॉट आवंटीत करते समय प्लॉट आवंटन के नाम पर शहर व औद्योगिक विकास महामंडळ (सिडको)के अधिकारीयों ने नियमों की धज्जियां उडाई है. इस खबर के साथ हम इस प्लॉट का नक्शा प्रकाशित कर रहे है. इस नक्शा में सेक्टर १७ प्लॉट नंबर ५० (ए) पर पनवेल नगर निगम के नगर रचना कार्यालयने अनुमती दी है और इस समय ह्यप्रोविसोह्ल नामक इमारत का बहुमंजीला निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है. सूत्रों के अनुसार यहां पर मात्र दस मंजिल तक इमारत निर्माण की अनुमती है लेकिन ह्यप्रोविसोह्ल इमारत भूतल अधिक अठरह मंजिलो तक का निर्माण हो चुका है और उपरी मंजिलो का निर्माण शुरू है. इस इमारत के निर्माणकर्ता को पनवेल नगर निगम के नगर रचना विभाग ने किस आधार पर बहुमंजिला इमारत निर्माण की अनुमती दी? यह गहन प्रश्न है. तटीय विनियमन कानून सी. आर. झेड. का उल्लंघन करने वाले सिडको अधिकारी एवं पनवेल नगर नियम के नगर रचना विभाग के अधिकारियों पर कानूनी कारवाई कर प्रोविसो इमारत का निर्माण तुरंत रोका जाना चाहिये. यदि ऐसा नही हुआ तो न्यायालय का दरवाजा खटखटाया जायेगा. ऐसा इशारा एक सामाजिक संगठान ने दिया है.

## तलोजा में जागृती कन्स्ट्रक्शन...

(पेज १ का शेष.... ) ऐसे बिल्डर को यदि सिडको के बदमाश अधिकारी मिल जाये तो कानून कैसे तोडा मरोडा जाता है, इसका उदाहरण है नवी मुंबई तलोजा स्थित जागृती कन्स्ट्रक्शन और के अधिकारी. इसकी हकीकत कुछ




इस प्रकार है. कार्यक्षेत्र के तलोजा फेस २ के सेक्टर २४ मे प्लॉट नंबर १ पर जागृती कन्स्ट्रक्शन द्वाराह्व सिद्ध शीला ह्ल नामक इमारत का निर्माण कार्य चल रहा है लेकिन इस निर्माण कार्य मे कई नियमों का उल्लंघन हुआ है.

इस विषय मे महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के मराठी कामगार सेना कार्याध्यक्ष सुधीर रामहरी नवले और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना रायगड जिल्हा उपाध्यक्ष श्री. प्रवीण दळवी ने ३० जून २०२२ को मुख्य अभियंता अतिक्रमण विभाग सिडको बेलापूर इनको शिकायत अर्जी दि ( जावक क्रमांक : १६०१) आश्चर्यजनक बात तो यह है कि, इसी दिन इस प्रोजेक्ट की सीसी सॉफ्ट कॉपी अदा की गई, लेकिन गौरतलब बाते है कि सीसी याने की कम्प्लिशन सर्टिफिकेट इस प्लॉट पर न्यू का उल्लंघन करके गैर कानून तरीके से निर्माण कार्य सुरू हुआ था.

सूत्र की जानकारी के अनुसार सुधीर नवले ने शिकायत अर्जी देने के बाद सिडको के संबंधित अधिकारियों ने यहां पर सर्वे किया और उन्होने सीसी मिलने के पहले ही इमारत निर्माण कार्य सुरू हुआ है ऐसा रिपोर्ट दिया था. सी. सी. मिलने से पूर्व इमारत निर्माण कार्य के फोटो और अभी के निर्माण कार्य के फोटो और ३० जून २०२२ के रोज दिये शिकायत अर्जी इसका प्रमाण है. जागृती कन्स्ट्रक्शन ने स्वयं के फायदे के लिए बाजू के प्लॉट पर सिडको ने किये भराव का भी उपयोग किया है. सीसी मिलने से पूर्व गैर कानून तरीके से शुरू किए इमारत निर्माण का कार्य और इस विषय मे सुधीर नवले और प्रवीण दळवी इन्होने किये हुए शिकायत अर्जी के दिन ही सीसी की सॉफ्ट कॉपी दे दिया गया. इसी से यह प्रमाणित होता है कि सिडको के भ्रष्ट अधिकारी और जागृती कन्स्ट्रक्शन के मालिक की मिलीभगत है. नियमों का उल्लंघन करके शुरू इस निर्माण कार्य को तुरंत रोक कर इस पर तोडक कारवाई होनी चाहिये और इनको सीसी देने वाले आशुतोष निखाडे - वरिष्ठ अभियंता, बांधकाम परवानगी सिडको और लक्ष्मीकांत डावरे - नियंत्रक अनधिकृत बांधकाम सिडको (दक्षिण) इन पर कानूनी कारवाई हो. यदि ऐसा नही हुआ तो महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना की संलग्न मराठी कामगार सेना के कार्याध्यक्ष सुधीरजी नवले और रायगड जिल्हा उपाध्यक्ष प्रवीण दळवी इन्होने आंदोलन का इशारा दिया है.

यह समाचार पत्र मासिक महाराष्ट्र क्राईम्स मालिक, मुद्रक प्रकाशक सिराज चौधरी द्वारा राजीव प्रिंटर्स, ४९६, पंचशील नगर१, नागसेन बुद्ध मंदिर रोड नं३, तिलक नगर, चेम्बुर, मुंबई४०००८९ से मुद्रित करवा कर ८/ऐ/१६९/२७०२/टागोर नगर, विक्रोली (पू), मुंबई४०००८३ से प्रकाशित किया ।
संपादक सिराज चौधरी मो. ९७७३६२२९६७